# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class:** 6 **3rd Lang.** | **Department: Hindi** | **Study material** |
| **Question bank and Grammar** | Topic: 2 – उड़ने का सुख | **Note: Please complete your work.** |

प्रश्नोत्तर

अति लघु प्रश्न-

1. मोनू ने क्या खरीदा?

उत्तर= मोनू ने छोटी-सी, रंग-बिरंगी चिड़िया खरीदी|

2. मोनू प्यालियों में क्या रखता था?

उत्तर= मोनू प्यालियों में मूँग,पानी और चने रखता था|

3. मोनू को घर में क्यों रहना पड़ रहा था?

उत्तर= शहर में कर्फ्यू लगने के कारण मोनू को घर में रहना पड़ रहा था|

4. कर्फ्यू हटने की खबर सुनकर मोनू की क्या प्रतिक्रिया थी?

उत्तर= कर्फ्यू हटने की खबर सुनकर मोनू ख़ुशी से झूम उठा|

5. मोनू ने चिड़िया का नाम क्या रखा?

उत्तर= मोनू ने चिड़िया का नाम 'मुनिया' रखा|

6. नगर में दंगा होने पर क्या हुआ|

उत्तर= नगर में दंगा होने पर पूरे शहर में कर्फ्यू लग गया|

लघु प्रश्न-

1. चिड़िया पिंजरे में उदास क्यों थी?

उत्तर= आकाश में उड़ने वाली चिड़िया को पिंजरे में बंद कर दिया गया था| अपनी आज़ादी छिन जाने के कारण वह उदास थी|

2. पिता ने मोनू को क्या समझाया?

उत्तर= मोनू के पिता ने उसे समझाया कि चिड़िया को आज़ादी प्यारी होती है इसलिए उसे पिंजरे से आज़ाद कर देना चाहिए|

3. कर्फ्यू लंबा खिंचने का मोनू पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर= कर्फ्यू लंबा खिंचने के कारण मोनू का घर से बाहर निकलना कठिन हो गया| वह टी॰ वी॰ के कार्यक्रम देखते-देखते उब गया था| वह अपने मित्रों से मिलकर बात नहीं कर सकता था|

4. क्या मोनू पिंजरे में बंद चिड़िया का दुख समझ गया था? कैसे?

उत्तर = कर्फ़्यू के कारण मोनू न तो स्कूल जा सकता था और न ही अपने मित्रों से मिल सकता था| घर में खुद कैद रहने के कारण वह पिंजरे में बंद चिड़िया का दुख समझ गया था|

## व्याकरण (Grammar) (Note Book)

1. वचन बदलिए|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क. चिड़िया | -- | चिड़ियाँ | ख. लड़का | -- | लड़के |
| ग. बिल्ली | -- | बिल्लियाँ | घ. पिंजरा | -- | पिंजरे |
| ङ. प्याली | -- | प्यालियाँ | च. बरामदा | -- | बरामदे |
| छ. गली | -- | गलियाँ | ज. बेटा | -- | बेटे |

2. दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुंदर | = | सुंदरता | शीतल | = | शीतलता |
| सफल | = | सफलता | वीर | = | वीरता |
| मनुष्य | = | मनुष्यता | मित्र | = | मित्रता |
| बच्चा | = | बचपन | लंबा | = | लंबाई |

2. विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए|

| | (उत्तर) |
|---|---|
| क. माँ ने स्वादिष्ट खाना बनाया| | स्वादिष्ट |
| ख. मीना के हाथ पर गरम चाय गिर गई। | गरम |
| ग. राधा ने एक लाल गुड़िया खरीदी। | लाल |
| घ. उसने साफ़-सुथरी पोशाक पहनी थी। | साफ़-सुथरी |
| ङ. पाँच लड़के मैदान में कसरत कर रहे हैं | | पाँच |
| च. मेहुल दूध में थोड़ी चीनी डाल दो| | थोड़ी |
| छ. नटखट बच्चे कक्षा में शोर मचा रहे हैं| | नटखट |
| ज. माला के मोती चमकीले हैं| | चमकीले |

3. वाक्य बनाइए|

क. लगाव - चिड़िया को अपने घोंसले से लगाव होता है|

ख. चिड़िया - आसमान में चिड़िया उड़ रही है|

ग. रंग-बिरंगी - बगीचे में रंग-बिरंगी तितलियाँ उड़ रही हैं|

घ. उदास - मीना उदास बैठी है|

ङ. पिंजरा - तोता पिंजरे में मिर्ची खा रहा है|

..............................................

## अनुच्छेद - मेरा प्रिय पक्षी

मेरा प्रिय पक्षी मोर है| मोर दिखने में बहुत ही सुंदर होता है। मोर की गर्दन पतली और लंबी होती है। नीले रंग की गर्दन के कारण मोर को नीलकंठ भी कहा जाता है। इसके शरीर का रंग नीला होता है। जो की बहुत ही चमकीला होता है। मोर की आँखें छोटी और काले रंग की होती है। इसके सिर पर ताज बना होता है| मोर के पंखों में अनेक रंग होते हैं| मोर फल, बीज, अनाज और कीड़े खाता है। जब आकाश में काले घने बादल छाते है तो मोर पंख फैलाकर नाचता है। मोर हमारे भारत देश का राष्ट्रीय पक्षी है।

..............................................

दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- (MCQ)

1. मोनू ने मुनिया के लिए पिंजरे में क्या रखा?

a) खिलौने b) फल

c) कपड़े d) दाना और पानी

2. मोनू ने मुनिया के साथ सबसे ज्यादा समय कहाँ बिताया?

a) बगीचे में b) छत पर

c) पिंजरे के पास d) स्कूल में

3. मोनू के पिता का नाम क्या था?

a) प्रकाश बाबू b) सुरेश बाबू

c) रमेश बाबू d) महेश बाबू

4. मोनू के पिता ने उसे क्या सलाह दी?

a) पढ़ाई करने की

b) चिड़िया को बेचने की

c) नया पिंजरा खरीदने की

d) चिड़िया को पिंजरे से आजाद करने की

5. शहर में कर्फ्यू लगने पर मोनू को कैसा लगा?

a) वह डर गया

b) वह घर में बंद रहकर ऊबने लगा

c) वह घर के काम करने लगा

d) उसे बहुत मज़ा आया

6. मोनू ने मुनिया को क्यों आजाद किया?

a) माँ के चिल्लाने पर

b) चिड़िया बीमार हो गई थी

c) उसे चिड़िया का दुख समझ आ गया

d) उसने नई चिड़िया खरीदी थी

7. मुनिया पिंजरे में क्यों फुदकती थी?

a) खेलने के लिए

b) उड़ने की कोशिश में

c) खाना खाने के लिए

d) सोने के लिए

8. मोनू किसके साथ छत पर गया?

a) माँ के साथ

b) दादी के साथ

c) दोस्त के साथ

d) पिताजी के साथ

उत्तर

**1.** d) दाना और पानी

**2.** c) पिंजरे के पास

3. a) प्रकाश बाबू

4. d) चिड़िया को पिंजरे से आजाद करना

5. b) वह घर में बंद रहकर ऊबने लगा

6. c) उसे चिड़िया का दुख समझ आ गया

7. b) उड़ने की कोशिश में

8. d) पिताजी के साथ